फर्जी इनवॉइस और एक्सपायर्ड चालान; जमशेदपुर में नकली शराब खपाने की थी तैयारी, पुलिस ने पानी फेरा

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर । होली के मद्देनजर शहर में नकली शराब खपाने की बड़ी साजिश को जमशेदपुर पुलिस और उत्पाद विभाग ने नाकाम कर दिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक (SSP) पीयूष पांडेय के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान अलग-अलग कार्रवाइयों में 281 पेटी अवैध व नकली शराब जब्त की गई है।

पहली कार्रवाई: NH-33 पर फिल्मी अंदाज में पकड़ी गई खेप

एक मार्च की देर रात एमजीएम थाना पुलिस जब एनएच-33 पर गश्त कर रही थी, तभी मुखियाडांगा मिथिला मोटर के पास संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं। एक पिकअप वैन से शराब के कार्टून सड़क पर गिरे थे, जिन्हें कुछ लोग दूसरी गाड़ी (टाटा एस) में लोड कर रहे थे।

पुलिस को देखते ही अपराधी भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर हजारीबाग निवासी राजीव कुमार रंजन को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने खुद को शराब कारोबारी सोनू गुप्ता का मुंशी बताया।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/jamshedpur-jamshedpur-police-foils-fake-liquor-smuggling-before-holi-40159880.html